**LOYOLA SCHOOL, BHUBANESWAR**

**Half Yearly Evaluation, September 2025**

**Class - II** | **Subject:2nd Lang( Hindi)** | **F.M.=60** | **Time: 1½ Hours**

1. सही उत्तर चुन कर लिखिए:- [10x1=10]

क) लोमड़ी और सारस ने मिलकर क्या बनाया ?

1) खिचड़ी 2) खीर 3) बिरयानी

ख) तितली से क्या करने को कहा जा रहा है ?

1) बाहर जाने को 2) बारिश में भीगने को 3) खिड़की में आने को

ग) किसने खीर को अकेले खाने की तरकीब सोची ?

1) लोमड़ी 2) सारस 3) भेड़िया

घ)तितली के पर को कौन नहीं बचा सकेगा ?

1) फल 2) फूल 3) पेड़

ङ) कछुआ कहाँ रहता था ?

1) नदी मे 2) समुद्र में 3) तालाब में

च) तालाब के किनारे क्या था ?

1) पेड़ 2) समुद्र 3) पहाड़

छ) हिरण को जाल में से किसने छुड़ाया ?

1) कछुए ने 2) कौए ने 3) चूहे ने

ज) धूप किससे मिलती है ?

1) चंद्रमा से 2) सूरज से 3) पेड़ों से

झ) कौन गरजता है ?

1) सूर्य 2) बादल 3) इंद्रधनुष

ञ) कविता में तितली को कौन बुला रहा है ?

1) लड़का 2) लड़की 3) कवयित्री

2. शब्दार्थ लिखिए :- [5x1=5]

क) काका ख) सुगंध ग) घने घ) नन्हे ङ) पर

3. विलोम शब्द लिखिए :– [4x1=4]

क) दूर ख) दिन ग) अच्छा घ) बच्चा

4. पर्यायवाची शब्द लिखिए:- [4x1=4]

क) मटका ख) फूल ग) किताब घ) चंद्रमा

5. नीचे दी गई भाववाचक संज्ञा से खाली स्थान भरिए :– [3x1=3]

(सरदी, बीमारी, स्वच्छता )

क) ____________ पर ध्यान दीजिए। ख) ____________ में लोग स्वेटर पहनते हैं।

घ) ____________ के कारण वह स्कूल नहीं गई ।

6. सही या गलत लिखिए :– [6x1=6]

क) खीर में गन्ने का रस डाला गया।

ख) सारस घर से सुराही लेकर आया था।

ग) धूप चंद्रमा से मिलती है ।

घ) माँ के मना करने पर भी सूरज बाहर निकल आता है ।

ङ) सारस थाली में आसानी से खीर खा सका ।

च) कविता में बादलों को घड़ा कहा गया है ।

7. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– [4x2=8]

(क) ज़ोर-जोर से कौन गरज रहा है?

(ख) चारों मित्र मिल-जुलकर किसकी बातें किया करते थे ?

(ग) खीर बनाने के लिए आग कौन और कहाँ से लाया ?

घ) लोमड़ी ने खीर किसमें परोसी ?

8. विशेषण शब्द को घेरा लगाइए :– [3x1=3]

क) सिंह भयानक होता है।

ख) नेहरू जी अच्छे वक्ता थे।

ग) हमें स्वच्छ जल पीना चाहिए ।

9. सर्वनाम शब्द को बदलकर नया वाक्य बनाइए:- [2x1=2]

क) मैं किताब पढ़ रही हूँ ।

ख) यह मेरी पुस्तक है।

10. लिंग परिवर्तन कीजिए :- [5x1=5]

क) बेटा ख)कुत्ता ग) नाला

घ) दास ङ ) काका

11. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विशेषण से कीजिए :— [4x1=4]

क) डाल पर ____तोते बैठे हैं। ( सड़क / तोते)

ख) _____बिल्ली बैठी है। (काली / गाय)

ग) मीरा ______साड़ी पहनती है। (लाल /शर्ट)

घ) फ्रॉक का रंग _____है। (धोती / पीला)

12. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए:- [6]

क) गाय ख) मेरा विद्यालय

********************ALL THE BEST *********************